## खबर संक्षेप

### पतेरी में दिव्यांग सम्मेलन का आयोजनः 250 दिव्यांगों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**सतना।** समैरिटियन सोशल सर्विस सोसायटी पटेरी में आयोजित एक भव्य दिव्यांग सम्मेलन ने सामाजिक एकजुटता और सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिले भर से आए लगभग 250 दिव्यांगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिशप जोसेफ थे। इस दौरान स्नेह सदन और प्रेम सदन विद्यालय के बच्चों ने भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं,जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उचित अवसर मिलने पर वे नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रिंसिपलों का सम्मान किया गया। संस्था द्वारा दिव्यांगजनों को टिफिन वितरित किए गए और उनके लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

### विराट नगर विकास समिति ने किया टैक्स वृद्धि का पुरजोर विरोध

**सतना।** विराट नगर विकास समिति की आवश्यक बैठक में वार्ड वासियों ने नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए 10 फीसदी प्रॉपर्टी टैक्स का विरोध किया है। समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वे बढ़ा हुआ टैक्स नहीं भरेंगे और सर्व समाज द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का पूर्ण समर्थन करेंगे। बैठक में गणेश पाण्डेय,माता प्रसाद द्विवेदी और अन्य वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज

**मैहर।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद गणेश सिह की अध्यक्षता में 17जनवरी को दोपहर 12.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में आयोजित की गई है। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियो को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

# स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही, छात्र का हाथ फ्रैक्चर होने की खबर 3 घंटे तक छिपाई

सतना। शहर के प्रतिष्ठित क्रिस्तुकुला मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में संवेदनहीनता का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहाँ कक्षा दूसरी के एक छात्र का स्कूल परिसर में हाथ फ्रैक्चर हो गया,लेकिन स्कूल प्रबंधन ने घंटों तक परिजनों को इसकी सूचना नहीं दी।



प्रमुख घटनाक्रमघटना दोपहर लगभग 2 बजे की है,लेकिन परिजनों को शाम 4 बजे के बाद जानकारी मिली। परिजनों के गंभीर आरोप छात्र की मां वर्षा पंजवानी के अनुसार,जब वे शाम को बच्चे को लेने स्कूल पहुँचे,तब उन्हें पता चला कि बच्चा असहनीय दर्द से रो रहा है और उसका हाथ हिल भी नहीं पा रहा है। परिजनों का आरोप है कि घटना के 3 घंटे बाद तक उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई। शुरुआत में स्कूल प्रबंधन ने बात करने से भी इनकार कर दिया। जब परिजनों ने पुलिस में शिकायत की बात कही,तब जाकर प्रबंधन इलाज के लिए तैयार हुआ। स्कूल प्रबंधन का पक्ष स्कूल के मैनेजर फादर थॉमस ने स्वीकार किया कि बच्चा खेलते समय गिर गया था।प्रबंधन की ओर से निम्नलिखित दलीलें दी गईं। शिक्षिका प्रियंका सिंह द्वारा बच्चे को प्राथमिक उपचार दिया गया था। मैनेजर ने माना कि शिक्षिका ने समय पर प्रबंधन को जानकारी नहीं दी,जो एक बड़ी चूक है। लापरवाही बरतने वाली शिक्षिका को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया है। पुलिस कार्रवाई और वर्तमान स्थिति मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों ने सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

### जांच की जा रही है

परिजनों द्वारा स्कूल प्रबंधन की लापरवाही की शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**-देवेन्द्र प्रताप सिंह,सीएसपी।**

# स्मार्ट मीटर के नाम पर अनावश्यक बोझ क्यों डाला जा रहा




### बिजली स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना

**मैहर।** शहर में स्मार्ट मीटर,बढ़े हुए बिजली बिल और विद्युत विभाग की अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस पार्टी के द्वारा आज मैहर मध्यप्रदेश विद्युत मंडल कार्यालय के सामने विशाल धरना एवं प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन कांग्रेस जिला अध्यक्ष धर्मेश घई के नेतृत्व में आयोजित हुआ जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही।धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। कई उपभोक्ताओं को बिना स्पष्ट कारण के अत्यधिक बिजली बिल थमाए जा रहे हैं,जिससे आम जनता परेशान है। वक्ताओं ने कहा कि बिजली विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता का अभाव है और शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश प्रजापति (मुन्ना) सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। हाथों में तख्तियां लेकर कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर वापस लेने,बढ़े हुए बिजली बिलों में सुधार करने और अनियमितताओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेश भाई रोमी भैया,ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना रमेश प्रजापति,रमापति गौतम, प्रभात द्विवेदी,योगेंद्र प्रताप सिंह,बद्री कुशवाहा,चूड़ामणि बाड़ोलिया,केशव प्रसाद चौरसिया,रजनी शर्मा, यशवंत चंदेल,अखंड सिंह,नित्यानंद तिवारी,समर्पण शुक्ला,अमजद खान, रामभद्र पांडेय, अमृतलाल पटेल, अयोध्या कुशवाहा, रविंद्र, पूर्व जनपद सदस्य विष्णु नाथ पांडे, जितेंद्र कुशवाह, रन्नु पटेल, जीजबल भाई, बैजनाथ कुशवाहा, गणेश प्रसाद चतुर्वेदी, महेंद्र त्रिपाठी,अल्ताफ अहमद, शरद दाहिया,राम लखन कुशवाहा, दमड़ी चौधरी, राजेंद्र सिंह बबलू,लक्ष्मण प्रसाद शुक्ला, वीरेंद्र नामदेव, अच्छे लाल दहिया, रईस खान, शारदा प्रसाद पटेल, शिवम पांडे, सरपंच रिगरा शशांक पटेल, राकेश कुमार बंसल, सुरेश, हरवंश तिवारी सहित काफी संख्या कांग्रेस एवं आमजन उपस्थित रहे।

# नशीली सिरप की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त



सतना। जिला पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चित्रकूट पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने बलेनो कार से नशीली कफ सिरप (कोरेक्स) की तस्करी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद बलेनो कार क्रमांक UP 96 Q 8977 में अवैध कोरेक्स की खेप ग्राम बटोही से बगदरा घाटी की ओर ले जाई जा रही है। थाना प्रभारी गिरजाशंकर बाजपेयी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार को रोका। तलाशी लेने पर डिग्गी से 20 सीसी कोरेक्स बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी वरुण तिवारी 31वर्ष निवासी ग्राम कैलहा (यूपी),हाल सती अनुसुईया चित्रकूट,आशिष पाण्डेय उर्फ गोरेलाल 22 वर्ष निवासी ग्राम पथरा,चित्रकूट है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 सीसी कोरेक्स कीमत 3000,एक बलेनो कार कीमत 8 लाख,दो मोबाइल फोन और कोरेक्स बिक्री के 11,350/- रुपये नगद बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# मैहर ईदगाह मैदान में हाई मास्ट लाइट की सौगात

### खेल एवं आयोजनों को मिलेगी नई रोशनी



**मैहर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी की सकारात्मक पहल पर मुस्लिम समाज शहर अध्यक्ष साहिल भाई उर्स कमेटी मैहर एवं नगर पालिका परिषद के सहयोग से मैहर ईदगाह मैदान में हाई मास्ट लाइट स्थापित कर दी गई है। ईदगाह मैदान में पूर्व में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण खिलाड़ियों को रात्रिकालीन खेल गतिविधियों में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। अब हाई मास्ट लाइट लगने से क्रिकेट,फुटबॉल सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं रात के समय भी सुचारु रूप से आयोजित की जा सकेंगी। यह ईदगाह मैदान केवल खेलों तक सीमित नहीं है बल्कि यह ऐतिहासिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। यहां उर्स,कव्वाली,ईद मिलादुन्नबी जैसे बड़े धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं जिनमें दूर-दूर से श्रद्धालु एवं दर्शक शामिल होने आते हैं।अब बेहतर प्रकाश व्यवस्था से ऐसे आयोजनों को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप में संपन्न किया जा सकेगा। मुस्लिम समाज शहर अध्यक्ष साहिल भाई एवं उर्स कमेटी मैहर द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह कार्य समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने वाला है। यह पहल न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगी,बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

# भाजपा सरकार जो कहती वह करती भी है: संतोष




### आनंद उत्सव में सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया

**मैहर।** सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने आयोजित आनंद उत्सव 2026 में उपस्थित महिलाओं से आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जो कहती है वह करती है जिसका उदाहरण यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा लाड़ली बहनों के लिए जो मासिक राशि तय की गई थी वह आज भी बहनों को मिल रही है यही नहीं डॉ.मोहन यादव के द्वारा इसे बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति माह दिया जा रहा है जिसका आज जनवरी माह की राशि का अंतरण किया गया। श्री सोनी ने कहा कि सरकार के द्वारा दी जाने वाली राशि से महिलाओं को आर्थिक सहायता मिल जाती जिससे अपने परिवार की सहायत भी करती है।नगर पालिका परिषद मैहर के द्वारा महिला सशक्तिकरण अंतर्गत राज्य स्तरीय आमजन के मनोरंजन,स्वास्थ्य और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आनंद उत्सव 2026 का आयोजन पर्यटन सूचना केन्द्र मैहर में किया गया जिसमें मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा मुख्यमंत्री लाडलीबहना योजना के हितग्राहियों को जनवरी 2026 को मासिक आर्थिक सहायता राशि का भी अंतरण किया गया। यह उत्सव प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी सोच का हिस्सा है, जिसके माध्यम से लोगों के जीवन में उत्साह,उमंग और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया जा रहा है। आनंद उत्सव में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार की जनहितैषी पहल को दर्शाया गया है।

# सिद्धबाबा आश्रम में धार्मिक अनुष्ठान एवं भंडारे का आयोजन

**मैहर।** हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के अवसर पर पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से सिद्धबाबा आश्रम ग्राम मऊ में धार्मिक अनुष्ठान एवं भंडारे का वृहद आयोजन किया जायेगा। तदाशय के संबंध में क्षेत्रीय जनकल्याण संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं आयोजक पंडित रामनिवास उरमलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय वृहद आयोजन का शुभारंभ 23 जनवरी शुक्रवार से होगा। जहां की सुबह 9 बजे से श्रीराम नाम का अखंड संकीर्तण प्रारंभ होने के बाद दोपहर 12 बजे से 25 जनवरी तक निरंतर 24 घंटे अनवरत भंडारा प्रसाद का वितरण होगा। 25 जनवरी को सिद्धबाबा महाराज को छप्पन भोग लगाया जाएगा और उसी दिन दिल्ली के मशहूर कलाकारों द्वारा दोपहर 1 बजे से संगीत भजन संध्या एवं संत सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें संत समागम में जगतगुरु के अलावा कई अन्य दिव्य संतों के दर्शन प्राप्त होने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ ही मगराज की मशहूर रामलीला का मंचन 22 जनवरी से 26 जनवरी तक रात्रि में किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने एवं भंडारा प्रसाद ग्रहण करने की अपील पूर्व जिला पंचायत सदस्य ऊषा उरमलिया एवं आयोजक रामनिवास उरमलिया ने जिले की समस्त जनता जनार्दन से की है।



# उन्नति पांडेय ने राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र को गौरवान्वित करने पर धर्मेश घई ने दी बधाई



**मैहर।** मैहर की होनहार बेटी उन्नति पांडेय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। स्कूल गेम्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत हॉकी गर्ल्स अंडर-14 वर्ग में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्नति ने ग्वालियर में शानदार सहभागिता दर्ज कराई। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई एवं मैहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुन्ना रमेश प्रजापति स्वयं उन्नति पांडेय के निवास पहुंचे और उन्हें पुष्पहार शॉल एवं आत्मीय शब्दों के साथ बधाई दी।नेताओं ने कहा कि उन्नति की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे मैहर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और यह आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।उन्नति पांडेय ने 02 जनवरी से 07 जनवरी 2026 तक ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में सहभागिता की। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय के तत्वावधान में संपन्न हुई,जिसमें देशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हुए।

# कथक सम्राट पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज की पुण्यतिथि पर काशी में आज 'कथक यज्ञ'

### मैहर की कलाकार नंदनी कथा यज्ञ में करेगी शिरकत



**मैहर।** कथक सम्राट पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर काशी में भव्य सांस्कृतिक आयोजन दुर्गाकुंड स्थित अंध विद्यालय परिसर में नटराज संगीत अकादमी के तत्वावधान में 17 जनवरी को 'कथक यज्ञ' का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से भगवान नटराज को कथक नृत्य द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस विशेष आयोजन में देश के पांच राज्यों से आए लगभग 40 कथक कलाकार भाग लेंगे,जो करीब 6 घंटे तक निरंतर कथक प्रस्तुति देंगे।आयोजन का उद्देश्य पंडित बिरजू महाराज की समृद्ध कथक परंपरा को जीवंत बनाए रखना और युवा कलाकारों को मंच प्रदान करना है। नटराज संगीत अकादमी की निदेशिका एवं पंडित बिरजू महाराज की एकमात्र गंडबंध शिष्या संगीता सिन्हा ने बताया कि काशी में यह 'कथक यज्ञ' का दूसरा आयोजन है। इस बार दिल्ली, कोलकाता, जबलपुर, मैहर, नागपुर, देहरादून, महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों और जिलों से युवा कथक कलाकार भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि मैहर की नंदनी उपाध्याय (अग्निहोत्री) भी इस 'कथक यज्ञ' में सहभागिता कर मैहर का प्रतिनिधित्व करेंगी जो जिले के लिए गौरव की बात है। नंदनी की प्रस्तुति से मैहर की सांस्कृतिक पहचान राष्ट्रीय मंच पर और अधिक सशक्त होगी। नंदनी इसके पूर्व कई मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। नंदनी अग्निहोत्री गुरु डॉक्टर श्रीमती सपना नामदेव दुबे के सानिध्य में शासकीय संगीत में विद्यालय में कथक नृत्य की छात्रा है।

## खबर संक्षेप

### जब्त सागौन की सिल्लियों में गड़बड़ी माप बदलने से अदला-बदली की आशंका

**तेंदूखेड़ा।** उपवन मंडल अंतर्गत झलौन वन परिक्षेत्र में जब्त की गई सागौन की सिल्लियों को लेकर गंभीर अनियमितता का मामला सामने आने के बाद वन विभाग में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। यह मामला मंगलवार को उस समय उजागर हुआ, जब यह जानकारी सामने आई कि वन परिक्षेत्र परिसर में जब्ती के रूप में रखी गई सागौन की सात सिल्लियों में से चार दिन पूर्व दो सिल्लियां गायब हो गईं। प्रारंभिक तौर पर इसे चोरी की घटना बताया जा रहा है, लेकिन जिस प्रकार घटनाक्रम सामने आया है, उससे यह संदेह भी गहराता जा रहा है कि कहीं यह वन कर्मियों की मिलीभगत से सिल्लियों को "गोल" करने का मामला तो नहीं है। जैसे ही इस संबंध में मीडिया को जानकारी मिली, विभाग में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार झलौन रेंज के अंतर्गत डुकरसता वीट में अवैध सागौन कटाई की घटनाएं आम हैं। वर्ष में दो-तीन बार वन विभाग द्वारा लकड़ी से लदे वाहनों को पकड़ने की कार्रवाई भी होती है, लेकिन इस बार आरोप सीधे वन विभाग पर ही लग रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि चोरी की जानकारी सामने आने के बाद आनन-फानन में मंगलवार को सागौन की सिल्लियों को तेंदूखेड़ा डिपो भेज दिया गया। डिपो पहुंचने पर जहां पहले पांच नग होने की बात कही जा रही थी, वहां सात नग सिल्लियां दर्ज कर दी गईं। इससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि गायब दो सिल्लियों की जगह अन्य सिल्लियां कहा सै लाकर मिलाई गई हैं।

### 243 लीटर अवैध शराब सहित कार जब्त

**दमोह।** कुम्हारी थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुये 243.54 लीटर अवैध शराब पकड़ी एवं एक कार भी जब्त की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन मे श्रीमान् अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत भदोरिया एवं एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन मे अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी कुम्हारी उनि. बृजेश पाण्डेय एवं पुलिस टीम के व्दारा थाना कुम्हारी क्षेत्र मे मुखबिर की सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए कार क्र. MP-20-CE-0679 से अवैध शराब का परिवहन करते हुये बडी मात्रा मे अवैध शराब 05 पेटी प्लेन शराब प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव एवं 05 पेटी लाल मसाला शराब एवं 29 लाल रंग की पन्नी जो प्रत्येक पन्नी में 25-25 पाव लाल मसाला शराब एवं एक सफेद रंग के थैला में 128 पाव लाल मसाला शराब, कुल देशी प्लेन शराब 250 पाव मात्रा 45 लीटर कीमती करीबन 20,000/- रुपये एवं देशी लाल मसाला शराब कुल 1103 पाव मात्रा 175.5 लीटर कीमती 1,10,300/- रुपये कुल 1353 पाव कुल मात्रा 243.54 लीटर कुल कीमती करीबन 1,30,300/- रुपये जब्त की गई। अभियुक्त अनिल राजपूत निवासी ग्राम देवरी रतन थाना कुम्हारी व अन्य के ऊपर मामला पंजीबद्ध किया गया।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री ने दी विकास कार्यों की सौगात

## ग्राम निवारी में आयोजित हुआ कार्यक्रम, खजुराहो सांसद भी हुए शामिल

पन्ना।



राज्यसभा सांसद एवं केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मामले, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन ने शुक्रवार को पवई विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लुधनी के निवारी गांव में आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यों की सौगात प्रदान की। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान आगमन पर केन्द्रीय राज्यमंत्री का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में ग्राम लुधनी एवं निवारी में 25-25 लाख रूपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने राज्यसभा संसदीय क्षेत्र विकास निधि से गुनौर विधानसभा के नचनौरा में 25 लाख रूपए लागत राशि के पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा माध्यमिक शाला लुधनी में 15 लाख से निर्मित बाउंड्रीवाल का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री कुरियन ने कहा कि राज्यसभा संसदीय क्षेत्र विकास निधि से स्वीकृत कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्रामवासियों के साथ शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सभी जनहितैषी विकास कार्यों में स्थानीयजनों का सहयोग भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांव के विकास से राष्ट्र के विकास का मंत्र दिया है। इस अवधारणा पर कार्य कर हमें वर्ष 2047 में देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता है। वर्तमान प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश के सर्वांगीण विकास व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाओं व विकास कार्य के साथ बेटियों की शिक्षा के लिए भी सार्थक प्रयास करने की महती आवश्यता है। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि पन्ना के डायमण्ड को जीआई टैग मिलने से विश्वपटल पर अलग पहचान स्थापित होगी। पन्ना नेशनल पार्क के आकर्षण ने पर्यटकों को अपनी ओर खींचा है। इस मौके पर उन्होंने विकसित भारत के मिशन को पूरा करने के लिए संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास के प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। निरंतर रूप से सभी विकास कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। सांसद ने कहा कि स्थानीय स्तर पर विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधि कटिबद्ध हैं। गांव-गांव तक पक्की सड़क बनने से आवागमन सुलभ एवं आसान हुआ है। सांसद खेल महोत्सव एवं अन्य खेल प्रतियोगिताओं में युवा खिलाड़ियों की अधिकाधिक सहभागिता से ग्राम स्तर के युवाओं को भी निरंतर प्रोत्साहित करना जरूरी है। इसके लिए हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान विकसित करने की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। सांसद श्री शर्मा ने क्षेत्रीयजनों की समस्त सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने की बात कही। पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे द्वारा कार्यक्रम में सिमरिया तक सिंचाई सुविधा के विस्तार, ग्राम चिखला के स्थान पर निवारी में सीएम राइज स्कूल भवन के लिए जमीन का चिन्हांकन करने, गैसाबाद पुल से पहुंच मार्ग निर्माण के लिए संबंधित किसानों को भू अर्जन की पर्याप्त मुआवजा राशि के वितरण तथा सीसी रोड इत्यादि सुविधाओं की मांग रखी। इस कार्यक्रम में सतानंद गौतम एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहनी मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऊषा परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम समीक्षा जैन, जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय, ग्राम पंचायत सरपंच किरण राजे, रवीन्द्र सिंह, कमल लालवानी, भास्कर पाण्डेय, निधि पटेरिया, सुधा पटेल, पुष्पराज सिंह, लोकेन्द्र प्रताप सिंह, मनीष खरे, पियूष खरे, अनिल अग्रवाल, प्रशांत चतुर्वेदी एवं राजेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश चौबे एवं आभार प्रदर्शन दीपेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

## आबकारी ने किराने की दुकान से 90 लीटर शराब सहित एक आरोपी को पकड़ा



**पन्ना।** पन्ना कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पवई के वार्ड क्रमांक 6 में पवई करही मार्ग पर स्थित विनायक किराना स्टोर्स पर भारी मात्रा में शराब रखकर विक्रय कर रहा है। अतः आबकारी टीम द्वारा आरोपी की किराना दुकान में दबिश देकर आरोपी रघुनंदन जायसवाल पिता रामाधीन जायसवाल, उम्र 27 वर्ष निवासी पवई के कब्जे से 10 पेटियों में 498 पाव देशी मदिरा सादा मदिरा कुल मात्रा 89.64 बल्क लीटर अवैध शराब अनुमानित कीमत लगभग 45 हजार रुपए जप्त की गई है। आरोपी के पास जप्त शराब से संबंधित कोई भी वैध परमिट या लायसेंस नहीं मिला। अतः मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अपराध में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में और भी आरोपी सम्मिलित हो सकते है, इसलिए प्रकरण को विवेचना में लिया गया। आरोपी को पवई न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल पवई भेजा गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी आरक्षक सुश्री स्मिता ठाकुर, कुलदीप जाटव, सोनू कोरकू, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, कौशल्या बाई और सुरेंद्र सिंह बुंदेला, आकाश साहू सम्मिलित रहे।

## प्रदर्शनी देखने दिन भर ताता लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

### रोज ज्ञान गंगा जल से स्नान करें, सच्चा दान - बुरे विचार, कुदृष्टि, व्यसनः बहनजी



**पन्ना।** मकर संक्रांति के उपलक्ष में जगह-जगह मेलों में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पन्ना की ओर से ग्राम द्वारी, सारंग धाम में आध्यात्मिक चरित्र निर्माण चित्र प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें बहन जी ने सभी ग्राम वासियों को चित्रों के माध्यम से समझाते हुई यह कहा कि जिस प्रकार इस पवित्र मेले में हम घूम रहे हैं पर घूमते हुए अपना घर अपना परिवार अपने बच्चे अपना स्थान हमें सब कुछ याद है इसी प्रकार हम संसार रूपी मेले में भी आए परंतु इस संसार के मेले में आकर हम अपने स्वयं की पहचान निज धाम परम सत्य की पहचान को भूल गए, इसलिए सब कुछ होते हुए भी आज सुख शांति की अनुभूति नहीं हो रही है सभी को परम सत्य की पहचान एवं आत्मा की पहचान और अपने जीवन को पवित्र बनाने के लिए श्रेष्ठ कर्म करने की प्रेरणा दी। आपने आगे कहा कि आज मकर संक्रांति के उपलक्ष में हम सभी तिल दान करने की प्रथा है तो आज हम अपनी सारी बुराइयां एवं विकारों का दान करके अपना जीवन पवित्र बनाएं मर्यादा, संस्कृति एवं संयम नियम की डोरी में सदा बधे रहे इसलिए आज के दिन पतंग भी उड़ाते हैं लेकिन डोरी अपने हाथ में रखते हैं तो हमें हमेशा मर्यादाओं की डोरी को अपने हाथ में रखना है यानी मर्यादा, नियम संयम पर चलना ही है। साथ में चित्रों के माध्यम से व्यसन मुक्त जीवन जीने की कला सिखाई गई एवं नशा छोड़ने की प्रतिज्ञा भी कराई गई, अनेक ग्राम वासियों ने चरित्र निर्माण प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं जीवन को पवित्र बनाने के लिए नशा एवं बुराइयों को छोड़ने की प्रतिज्ञा की बहन जी ने स्नान का महत्व बताया कि सिर्फ एक दिन ही शाही स्नान नहीं बल्कि हम रोज अपने तन मन को आध्यात्मिक ज्ञान से अच्छे विचारों से श्रेष्ठ भावनाओं से ज्ञान गंगाजल से अपने मन को धोए जिससे हमारा जीवन ही पवित्र एवं सुख शांति से संपन्न बन जाएगा।

## सात दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का हुआ समापन

पन्ना



म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पन्ना एवं छतरपुर के संयुक्त तत्वाधान में पन्ना टाइगर रिजर्व के मड़ला गेट पर 9 से 15 जनवरी तक सात दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुए मिलेट फेस्टिवल में विभिन्न स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्थानीय हस्तनिर्मित उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। इसमें एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत आंवला एवं मिलेट आधारित देशी व बुंदेली व्यंजनों के स्टॉल में बड़ी संख्या में पर्यटकों सहित अन्य नागरिक भी पहुंचे और स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखा। समूह की दीदियों के द्वारा सुबह 5 बजे पर्यटकों के लिए अलग-अलग तरह के जैसे कोदो के पकौडे, इडली डोसा, बेसन के चीला, चौसेला, मूंग दाल की मंगौड़ी एवं बडे. नाश्ता के रूप में उपलब्ध करवाए गए। फेस्टिवल के समापन पर गुरूवार को जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी भी मड़ला गेट में पहुंचे और स्टॉल का अवलोकन कर इस प्रयास को सराहनीय बताया। समूह की दीदियों ने भी इसके माध्यम से प्राप्त सहयोग और जीविका अर्जन के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला ने बताया कि प्रशासन के सराहनीय योगदान के कारण मेले का सुचारू रूप से संचालन किया जा सका। मिलेट फेस्टिवल में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अतिथियों ने समूह की दीदियों द्वारा परोसे गये व्यंजनों की प्रशंसा की और आशा व्यक्त की कि इस तरह के मिलेट फेस्टिवल का हर वर्ष आयोजन हो, जिससे देशी विदेशी पर्यटक व स्थानीय लोग भी मिलेट के प्रति जागरूक हो सकें। मेले को सफल बनाने में सुशील शर्मा जिला प्रबंधक कृषि, ओपी सोनी जिला प्रबंधक लघु उद्यमिता विकास, कमल श्रीवास्तव जिला प्रबंधक रोजगार, विकासखंड प्रबंधक विवेक कुमार मिश्रा, सहायक विकासखंड प्रबंधक मनीष पाण्डेय, शीतल द्विवेदी, सीआरपी रामरतन कोरी, पिंकू वाल्मीकी एवं समूह की सभी दीदियों का भी सराहनीय योगदान रहा। समूह की दीदियों ने सामूहिक रूप से कहा कि मोटे अनाज के व्यंजन को आजीविका का साधन बनाएंगे। इसके उपयोग से लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। मिलेट फूड फेस्टिवल के आयोजन से पर्यटकों सहित आमजनों में भी श्रीअन्न मोटे अनाज के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

### सुदूर वन ग्राम रमपुरा में आदिवासी परिवारों को मिला राहत का संबल

## मकर संक्रांति पर सेवा, संवेदना और सहयोग की मिसाल बना जेके सीमेंट पन्ना



**पन्ना। जेके सीमेंट पन्ना द्वारा अपनी सामाजिक प्रतिबद्धताओं का निर्वहन करते हुए मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सुदूर वन क्षेत्र स्थित ग्राम रमपुरा में आदिवासी परिवारों के लिए आवश्यक किराना सामग्री एवं कंबल वितरण का भव्य आयोजन किया गया। इस मानवीय पहल का उद्देश्य सर्द मौसम में जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुँचाना और उनके दैनिक जीवन की मूल आवश्यकताओं को पूरा करना रहा। यह कार्यक्रम जेके सीमेंट पन्ना के यूनिट हेड कपिल अग्रवाल एवं एचआर हेड अवनेश कुमार गौतम के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर प्रोजेक्ट हेड मनोज मदान, कमर्शियल हेड आलोक राज गौतम तथा सीएसआर हेड मनीष कुमार शर्मा स्वयं सुदूर वन ग्राम रमपुरा पहुँचे और आदिवासी परिवारों को आटा, चावल, दाल, खाद्य तेल, नमक, अन्य आवश्यक किराना सामग्री के साथ गर्म कंबल वितरित किए। इन आवश्यक वस्तुओं से ठंड के मौसम में ग्रामीणों को न केवल सुरक्षा मिली, बल्कि उनके दैनिक भोजन की चिंता भी काफी हद तक कम हुई। किराना सामग्री और कंबल पाकर ग्रामवासियों के चेहरों पर संतोष, मुस्कान और भरोसे की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित किया और उनकी जरूरतों को समझते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में सिक्योरिटी विभाग से संतोष सिंह, लैंड लायजिंग टीम से पुष्पेंद्र त्रिपाठी एवं अक्षय सिंघल, तथा सीएसआर टीम से राकेश कुमार चौरसिया ने सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका निभाई। जेके सीमेंट पन्ना की यह पहल न केवल कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि सुदूर वन क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद आदिवासी परिवारों के जीवन में आशा, सुरक्षा और सहयोग की नई किरण लेकर आई है।

## पन्ना विधानसभा में खिलाड़ियों के लिए अपार संभावनाएं हैं - बृजेंद्र प्रताप सिंह



**पन्ना।** सरपंच कप क्रिकेट टूर्नामेंट सिलधरा सीजन 2 का भाव समापन दिनांक 15 जनवरी 2026 को कार्यक्रम में मुखिया अतिथि के रूप में पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष रविराज यादव जनपद पंचायत पन्ना उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अरविंद सिंह यादव सरपंच संघ पन्ना जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, प्रभा गोड जिला पंचायत सदस्य मंडल अध्यक्ष धीरूब बाजपेई जनपद सदस्य प्रतिनिधि संतोष विश्वकर्मा बाला लोधी राम शिरोमणि मिश्रा सरपंच पहाड़ी खेरा राम शिरोमणि लोधी सरपंच दिया लच्छू गोड सरपंच लुहरहाई सरपंच ज्योति राजेश यादव सरपंच सिलधरा अनिल यादव भारत यादव सरपंच कौघरी सरपंच कप सिलधरा सीजन 2 फाइनल मुकाबला बरौली बसेस उमरी के बीच खेला गया उमरी ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया बरौली टीम में बैटिंग करते हुए 16 ओवर में 9 विकेट गमाकर 152 रन का टोटल दिया उमरी टीम ने 152 रन का पीछा करते हुए 107 रन ही पहुंच पाई 16 ओवर में 9 विकेट बरौली टीम ने इस मैच को 45 रन से जीत लिया बड़ा बरौली टीम के धुआंधार बेस्ट मैन अब्दुल समद 40 रन 2 विकेट देकर के मैन ऑफ द मैच प्राप्त किया उमरी उपविजेता के युवराज सिंह 57 रन 4 विकेट लिए हैं। जिसमें उपस्थित लोग हुए राजकुमार यादव कमलेश यादव मुन्ना अहिरवार लक्ष्मी नारायण सोनी संतोष यादव राजा देवी सिंह भीम यादव नीरज यादव अवधेश यादव जुगल यादव दिग्विजय सिंह एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित हुए।



### बडे इंतजार के बाद मार्ग में सी.सी. निर्माण

## सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए निर्माण के पूर्व अतिक्रमण पर ध्यान जरूरी

**पवई।** नगर परिषद अन्तर्गत बार्ड क्रमांक 14 मे इमाम चौक से तहसील मार्ग काफी समय से उबडखाड की हालत मे तब्दील हो गया था जिसको लेकर बार्ड पार्षद से लेकर बार्ड वासियों सी सी निर्माण के लिए मांग हो रही थी काफी समय बाद नगर परिषद द्वारा जनता की आवाज को गंभीरता से लेते हुए मार्ग मे सी सी निर्माण हेतु शुक्रवार को मटेरियल डंप किया गया जिससे लोगो को मार्ग के निर्माण होने की उम्मीद जागी है लेकिन मार्ग निर्माण के पूर्व नगर परिषद को सड़को तक बढ चुके अवैध निर्माण की ओर भी ध्यान देना होगा सुगम यातायात तथा आम जन की सहूलियत के लिए मार्ग मे सी सी निर्माण की चौड़ाई मे अतिक्रमण बाधा न बने इस पर विशेष ध्यान देना होगा। नगर मे देखा जा रहा है परिषद द्वारा जहां भी मार्ग का निर्माण करवाया गया है अतिक्रमण पर ध्यान नहीं दिया आज नगर की आबादी और सड़कों पर बढ रही वाहनो की संख्या के हिसाब से मार्ग को चौडी करण होना अति आवश्यक हो गया है लेकिन नगर की सड़कें दिनों दिन सकरी होती जा रही है जो कहीं न कहीं जिम्मेदार लोगो की अन देखी का परिणाम है। मार्ग की चौड़ाई इतनी हो कि चार पहिया वाहन आसानी से आ जा सके बस्ती के अंदर बहुत से ऐसे स्थान जो अतिक्रमण के चलते संकीर्ण हो चुके जहां बडे वाहन का सिंगल निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

# जिले की 1 लाख 80 हजार से अधिक लाड़ली बहनों की मिली 32वीं किस्त की राशि

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को नर्मदापुरम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की महिला हितग्राहियों को वर्तमान जनवरी माह की मासिक आर्थिक सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित की। जिले के 12 स्थानीय निकाय अंतर्गत एक लाख 80 हजार 441 महिलाओं को योजना की बतौर 32वीं किस्त कुल 26 करोड़, 57 लाख, 91 हजार 900 की राशि का अंतरण किया गया। इस योजना में पन्ना जिला अंतर्गत अब तक लाड़ली बहनों को कुल 730 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान किया जा चुका है। वर्तमान में जनपद पंचायत शाहनगर अंतर्गत सर्वाधिक 36 हजार 600 महिलाएं इस योजना से लाभांवित हो रही हैं, जबकि नगर परिषद ककरहटी अंतर्गत 1500 महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। वर्तमान में जनपद पंचायत अजयगढ़ में 28 हजार 757, गुनौर में 32 हजार 745, पन्ना में 27 हजार 953 एवं जनपद पंचायत पवई क्षेत्र अंतर्गत 33 हजार 272 पात्र लाड़ली बहनें हैं, जबकि नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका परिषद पन्ना अंतर्गत 8 हजार 966, नगर परिषद अजयगढ़ में 2131, अमानगंज में 2014, देवेन्द्रनगर में 2094, गुनौर में 2329 तथा नगर परिषद पवई में 2080 महिलाओं को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है।



### जनपद पंचायत पन्ना में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम-

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत मासिक किस्त राशि के वितरण का मुख्य कार्यक्रम जनपद पंचायत पन्ना के सभागार में संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लाइव टेलीकास्ट के जरिए उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारियों एवं लाभार्थी महिलाओं द्वारा देखा एवं सुना गया।

ग्राम और वार्ड स्तर पर भी सीधा प्रसारण दिखाया गया। मुख्य कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हितार्थ संचालित एवं महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवार के लिए बेटी के जन्म से लेकर बेहतर अध्ययन और जीवनपर्यंत तक की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। पात्र बेटियां और महिलाएं इन योजनाओं का लाभ जरूर लें।

उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना से महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। महिलाओं से इस योजना से मिलने वाली राशि के सदुपयोग की बात कही। कार्यक्रम को नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण की शपथ दिलाई गई। स्वास्थ्य शिविर एवं बुंदेली व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। अतिथियों ने लाड़ली बहनों के साथ पतंगबाजी की। कार्यक्रम स्थल पर अन्य रोचक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह सहित परियोजना अधिकारी किरण खरे एवं अशोक विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन के अमानगंज आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**अमानगंज।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय तथा मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री माननीय श्री जॉर्ज कुरियन के अमानगंज नगर आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ओर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति सरिका शारदा खटीक ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर परिषद अमानगंज के गेट के सामने गर्मजोशी के साथ किया केंद्रीय राज्य मंत्री का स्वागत। दिंनाक 16 जनवरी 26 को पन्ना जिले के अमानगंज नगर भ्रमण पर आए भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन और उनके साथ में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री पन्ना विधानसभा के विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह सुबह 11:00 बजे के लगभग अमानगंज अल्प प्रवास पर आए जैसे ही केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और भाजपा नेताओं की जानकारी लगी तो भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदीऔर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सरिका शारदा खटीक ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ढोल नगाड़ों आतिशबाजी के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### मूल्यों रूपी मर्यादा की डोर हमें उन्नति के शिखर तक ले जाती है - ब्रह्माकुमारीज़



छतरपुर। ब्रह्माकुमारीज़ के छतरपुर सेवाकेंद्र द्वारा मकर संक्रांति का पावन पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ ग्राम बरकोंहा में मनाया गया जिसमें पूरे ही मध्य प्रदेश से आई हुई बहनों एवं भाइयों ने भाग लिया।इस मौके पर छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा ने कहा कि मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने का पावन पर्व है जो जीवन में नई ऊर्जा की शुभारंभ और विचारों को सकारात्मक दिशा देने का संदेश देता है। तिल गुड़ की मिठास की तरह हमारे संबंधों में भी मधुरता आए। जिस प्रकार पतंग डोर में बंधकर ऊंचाइयों को छूती है ठीक उसी प्रकार हम सबको भी मूल्यों रूपी मर्यादा के बंधन में रहकर अपने जीवन को उन्नति के शिखर पर ले जाना है। इस अवसर पर सभी ने प्रेम, एकता, सद्भावना, करुणा, दया, उदारता, सुख, शांति ऐसे अनेक गुणों को पतंग पर लिखा और विश्व शांति और सारे विश्व में इन गुणों की खुशबू फैले इस भावना से गैस के गुब्बारों में बांधकर पतंगों को उड़ाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने विश्व शांति की शुभभावना से संगठित मेडिटेशन किया।

### स्टेट बैंक ने हितग्राही को दी बीमा योजना की दो लाख की राशि



बकस्वाहा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बकस्वाहा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत एक हितग्राही को दो लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार वर्षा अहिरवार, पत्नी अनिल अहिरवार, निवासी ग्राम तेरियांमार का खाता एसबीआई कियोस्क के माध्यम से संचालित था। दुर्भाग्यवश दीवार ढहने से हुई एक दुर्घटना में वर्षा अहिरवार की मृत्यु हो गई थी।मृत्यु के पश्चात परिजनों द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने पर बैंक द्वारा प्रकरण का त्वरित निराकरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत स्वीकृत 2,00,000 रुपये की बीमा राशि मृतका के पति अनिल अहिरवार को प्रदान की गई। यह राशि शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार दिनकर, उप प्रबंधक सौरभ सोनी, कैश ऑफिसर विक्रांत कपूर एवं कियोस्क संचालक नीरज तिवारी की उपस्थिति में सौंपी गई। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने योजना की उपयोगिता बताते हुए कहा कि यह योजना अल्प प्रीमियम में परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। उन्होंने नागरिकों से योजना से जुडने की अपील की। हितग्राही ने बैंक प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### खजुराहो में भारतीय खेल प्राधिकरण के उप-केंद्र की स्थापना की दिशा में बड़ा कदम



खजुराहो। खजुराहो नगर में भारतीय खेल प्राधिकरण के उप-केंद्र की स्वीकृत स्थापना के उद्देश्य से आज भोपाल से एक उच्चस्तरीय टीम ने संभावित स्थल का निरीक्षण किया। इस टीम में भारतीय खेल प्राधिकरण की निर्देशक सुश्री अंशिका जैन, जूडो कोच सुश्री रुचि औदिच्य, प्रशिक्षक परवीन, हॉकी प्रशिक्षक सहित विभागीय टीम शामिल थी। निरीक्षण के दौरान राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया भी टीम के साथ मौजूद रहे। टीम ने खेल अवसंरचना, उपलब्ध संसाधनों और स्थानीय आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की तथा स्थल की सभी संभावनाओं का जायजा लिया। यह महत्वपूर्ण पहल खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दत्त शर्मा की लगातार मांग और प्रयासों के फलस्वरूप स्वीकृत हुई है। उप-केंद्र की स्थापना से क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढने के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। यह कदम न केवल खजुराहो बल्कि आसपास के क्षेत्रों में खेल विकास को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा, जिससे युवा प्रतिभाओं को खेल के क्षेत्र में निखारने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर राजनगर नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, राजनगर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, शैलेंद्र यादव, धवाड़ सचिव संजय मिश्रा, बमीठा सोनू नगरिया, प्रहलाद अवस्थी, भैया जी अचनार, पीरा दीपक अग्निहोत्री, नरेंद्र पटेल, इंद्रजीत दीक्षित सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पड़रिया धाम में महंत श्री किशोरदास महाराज के सानिध्य में हुआ हिंदू सम्मेलन




**बकस्वाहा। महंत श्री किशोरदास जू महराज के सानिध्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय हिंदू सम्मेलन का सिद्धक्षेत्र पड़रिया धाम स्थित बांके बिहारी मंदिर परिसर में भव्य शुभारंभ किया गया हैं, 15 दिवसीय हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम को क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर सम्पन्न कराने की कमान संघ के कार्यकर्ताओं को सौपीं गई हैं।**

हिन्दू सम्मेलन के शुभारंभिक बेला में पधारे महंत श्री ने अपने उद्बोधन में हिंदू समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए चौपर के (जुग) का उदाहरण देते हुए कहा है संगठित हिंदुत्व की एकता को तोडऩे का सामर्थ न किसी में है न रहेगा, लेकिन बिखरे रहने पर कोई भी आंखें दिखा सकता है।महंत श्री किशोरदास जी महाराज ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संघ ने राष्ट्र और समाज में जागरण की अलख जगाने का कार्य किया है और इतने वर्षों में संगठन पर कोई दाग नहीं लगा। उन्होंने जातियों में न बंटकर सकल हिंदू समाज को संगठित रहने का आह्वान करते हुए भारत माता की आरती के साथ सम्मेलन का समापन किया गया।हिंदू सम्मेलन में बकस्वाहा सहित चाचीसेमरा, गढ़ीसेमरा, पड़रिया, मछंद्री, वीरमपुर, कसेरा, तिलई सहित करीब 20 ग्रामों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। संत-महात्माओं के साथ क्षेत्र के पुरुष, महिलाएं और युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



## सप्तम कन्या विवाह महोत्सव में शामिल होंगे कथा व्यास पं. प्रदीप मिश्रा

### बागेश्वर धाम में 13 फरवरी को एक ही मंच में आसीन होंगे प्रदीप मिश्रा और बागेश्वर महाराज

छतरपुर। पिछले 7 वर्षों से बागेश्वर धाम में निर्धन, गरीब, असहाय, मातृ-पितृ हीन कन्याओं को सामूहिक विवाह महोत्सव के माध्यम से परिणय सूत्र में बांधा जाता है। इस वर्ष यह आयोजन 15 फरवरी को होने जा रहा है। बागेश्वर बालाजी की सन्निधि और बागेश्वर महाराज के मार्गदर्शन में 300 कन्याओं का विवाह संपन्न होगा। महोत्सव में शामिल होने के लिए देश भर के संतो, कथा व्यासों, धर्माचार्य, राजपीठ और व्यास पीठ के लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसी क्रम में प्रख्यात कथा व्यास पं. प्रदीप मिश्रा को भी विवाह की पाती पहुंचाई गई है। उन्होंने कन्या विवाह महोत्सव में आने की स्वीकृति भी प्रदान की है। 13 फरवरी को बागेश्वर महाराज के साथ मंच पर प्रदीप मिश्रा भी नजर आएंगे।

बागेश्वर धाम की ओर से संत प्रभारी रोहित रिछारिया ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर पं. प्रदीप मिश्रा को कन्या विवाह महोत्सव की पाती देते हुए बागेश्वर धाम पधारने का आग्रह किया। श्री रिछारिया ने बताया कि पं. प्रदीप मिश्रा ने कन्या विवाह में आने का निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि वह 13 फरवरी को बालाजी के दरबार में हाजिरी लगाएंगे। श्री मिश्रा करीब दो घंटे तक बागेश्वर धाम में रहेंगे। वे दोपहर 2 बजे बागेश्वर धाम आकर पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से भी भेंट करते हुए मंच से आशीर्वचन देंगे। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास पं. प्रदीप मिश्रा ने राम लला सरकार के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अयोध्या में बागेश्वर महाराज से भेंट की थी। यह पहला अवसर होगा जब पं. प्रदीप मिश्रा और बागेश्वर महाराज एक ही मंच पर लोगों को दर्शन देंगे।

# बच्चों के मार्गदर्शन के लिए अच्छे स्पोक्सपर्सन बुलाएं एवं कौशलपरक प्रशिक्षण कराएं: जिपं सीईओ

### स्थानीय प्रोजेक्टो में लगी बाहर की कम्पनीयों को युवा संगम में शामिल करने के निर्देश



छतरपुर। जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया की अध्यक्षता में जिला स्किल कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नोडल प्राचार्य रंजीत सिंह जादौन शा. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ ने आईटीआई चंदला में सीटों के विरुद्ध प्रवेश संख्या बढ़ाने हेतु बच्चों को प्लेसमेंट अप्रेंटिसशिप हेतु मोटिवेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल निगम के प्रोजेक्टों मल्टी विलेज स्कीम में प्रशिक्षण हेतु छात्रों को रोजगार दिलाएं। स्थानीय प्रोजेक्टों में लगी बाहर की कम्पनीयों को युवा संगम में शामिल करें। जिला पंचायत सीईओ ने युवा संगम कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने पर जिले को अच्छी रैंक मिलने पर अधिकारियों की प्रशंसा भी की।जिपं सीईओ ने निजी आईटीआई को नियमित सार्थक ऑनलाईन पर उपस्थिति दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तकनीकी एवं अन्य अधिकारियों को आदेशित कर प्राईवेट आईटीआई का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए जिससे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को प्लेसमेंट और क्वालिटी प्रशिक्षण मिले। उन्होंने आईटीआई में किए गए नवाचारों की भी जानकारी ली।

जिपं सीईओ ने निर्देश दिए कि आईटीआई में छात्रों को अच्छे स्पोक्सपर्सन बुलाकर मार्गदर्शन दिलाएं और कौशलपरक प्रशिक्षण कराएं। आईगॉट पोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा कोर्स कर प्रशिक्षण प्राप्त करें। नेशनल अप्रेंटिसशिप स्कीम एवं मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में उद्यमों के पंजीकरण कराएं जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्रों को लाभ मिले एवं कृषि वैज्ञानिकों को बुलाकर प्रशिक्षित करें।जिपं सीईओ ने पीएम विश्वकर्मा योजना में बैंको से रिजेक्ट हुए आवेदनों को कारण सहित प्रस्तुत करने के निर्देश एलडीएम को दिए। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है इसमें प्रगति में सुधार करें और लोगों को लोन उपलब्ध कराएं।

**प्राचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज नौगांव अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी**

मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के बारे में जिपं सीईओ ने कहा कि प्रतिष्ठानों को इस योजना में 15 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थी कार्य हेतु उपलब्ध होने है तथा 25 प्रतिशत राशि प्रतिष्ठान द्वारा बांकि 75 प्रतिशत सरकार द्वारा राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के लिए निजी प्रतिष्ठानों को प्रेरित कर इस योजना में पंजीकृत कराएं। उन्होने निर्देशित किया कि बड़े निजी हॉस्पिटल एवं होटल एसोशिएसन के साथ मीटिंग कर योजना का लाभ बताकर पंजीकरण कराएं जिससे छात्रों को एटीक्वेट एवं मैनर आदि प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। उन्होंने प्राचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज नौगांव को बिना कारण बताए बैठक में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## अवैध हथियार सहित आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

छतरपुर। पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। हथियारों के स्रोत संबंधी जानकारी एकत्र कर संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ की जा रही है।थाना सिविल लाइन पुलिस को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान गल्ला मंडी में अवैध हथियार सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान गल्ला मंडी के अंदर चबूतरे के पास पहुंची। पुलिस ने संदेही को पकड़ा। अवैध 315 बोर देशी कट्टा, कारतूस बरामद कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया।

आरोपी पुष्पेंद्र जोशी पिता लखन जोशी निवासी ग्राम खेराकसार थाना जुझार नगर हाल मऊ सहानिया थाना नौगांव के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर विधिवत कार्यवाही की गई। आरोपी पुष्पेंद्र जोशी जबरन वसूली, जुआ, मारपीट जैसे 4 अपराधों में पूर्व से लिप्त है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह, सहायक उप निरीक्षक सीताराम, प्रधान आरक्षक उमेश तिवारी, आरक्षक पहाड़ सिंह, मनीष साहू, शुभम एवं टीम की भूमिका रही।

## एनसीएल बीना क्षेत्र के उत्पादन क्षमता विस्तार को लेकर पर्यावरणीय लोक सुनवाई संपन्न








सिंगरौली। एनसीएल बीना क्षेत्र की उत्पादन क्षमता विस्तार से संबंधित पर्यावरणीय लोक सुनवाई का आयोजन दिनांक 16 जनवरी 2026 को वर्कर्स क्लब, झिंगुरदा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह लोक सुनवाई मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीपीसीबी), सिंगरौली के रीजनल ऑफिस द्वारा आयोजित की गई।प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत बीना क्षेत्र की उत्पादन क्षमता को 10.50 मिलियन टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 17.50 मिलियन टन प्रतिवर्ष करने तथा एमएल क्षेत्र को 1790.377 हेक्टेयर से बढ़ाकर 2079.221 हेक्टेयर किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है।दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुई इस लोक सुनवाई की अध्यक्षता संजीव कुमार पाण्डेय, अपर कलेक्टर (एडीएम), सिंगरौली ने की, जबकि संचालन रातिपाल ठाकुर, रीजनल ऑफिसर, एमपीपीसीबी, सिंगरौली द्वारा किया गया।लोक सुनवाई के दौरान परियोजना विस्तार से प्रभावित एवं क्षेत्रीय रहवासियों ने मंच से एवं लिखित माध्यम से अपने सुझाव, विचार एवं टीका-टिप्पणियाँ प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर परियोजना से जुड़े सक्षम अधिकारियों ने जनता द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों एवं प्रश्नों पर विस्तृत जानकारी एवं स्पष्टीकरण प्रदान किया। सुनवाई में उपस्थित नागरिकों ने पर्यावरण, रोजगार, पुनर्वास, स्वास्थ्य एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर अपनी राय दर्ज कराई। प्रशासन एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्राप्त सभी सुझावों एवं आपत्तियों को नियमानुसार अभिलेख में दर्ज किया गया।



### चौरसिया समाज की बड़ी मांगः डॉ. बी.डी. चौरसिया के नाम पर रखा जाए मेडिकल कॉलेज का नाम

छतरपुर। जिले के चौरसिया समाज ने एक महत्वपूर्ण मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। समाज ने मांग की है कि जिले में स्थापित होने वाले नए मेडिकल कॉलेज का नाम प्रसिद्ध एनाटॉमी विशेषज्ञ डॉ. बी.डी. चौरसिया के नाम पर रखा जाए। यह ज्ञापन शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में दिया किया गया। चौरसिया समाज के सदस्यों ने बताया कि डॉ. बी.डी. चौरसिया का जन्म छतरपुर जिले के बारीगढ़ गांव में हुआ था। वे ह्यूमन एनाटॉमी के क्षेत्र में एक किवदंती माने जाते हैं और उनकी लिखी किताबें दुनिया भर के मेडिकल छात्रों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही हैं। इन किताबों के बिना मेडिकल शिक्षा अधूरी मानी जाती है।मानिक चौरसिया ने बताया, डॉ. बी.डी. चौरसिया छतरपुर के बारीगढ़ में जन्मे थे। वे एनाटॉमी के जनक के रूप में पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। उनकी किताबें भारत ही नहीं, विदेशों में भी लाखों डॉक्टरों की पढ़ाई का आधार बनी हैं। बिना उनकी किताब पढ़े कोई डॉक्टर नहीं बन सकता। इसलिए हमारी मांग है कि छतरपुर के मेडिकल कॉलेज का नाम उनके सम्मान में डॉ. बी.डी. चौरसिया मेडिकल कॉलेज रखा जाए।चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार चौरसिया ने कहा, हमारे बारीगढ़ निवासी डॉ. बी.डी. चौरसिया एनाटॉमी के क्षेत्र में अमर योगदान देने वाले महान व्यक्तित्व हैं। यह मांग पूरे जिले वासियों की है कि नए मेडिकल कॉलेज का नाम उनके नाम पर हो और उन्हें उचित सम्मान दिया जाए। हमने यह ज्ञापन उच्च शिक्षा मंत्री एवं राज्यपाल के नाम प्रशासन को सौंपा है।

# 350 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का उठाया लाभ

### एनसीएल की खड़िया एवं ब्लॉक-बी परियोजनाओं ने सीएसआर के तहत निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



सिंगरौली। एनसीएल द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से समय-समय पर अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में एनसीएल की खड़यि द्वारा नाऊ टोला एवं ब्लॉक-बी द्वारा ग्राम पड़री में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम द्वारा उपस्थित लोगों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, मधुमेह, हड्डी एवं जोड़ संबंधी समस्याओं की जाँच तथा महिला स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही आवश्यक दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर 350 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान परियोजनाओं से नोडल अधिकारी (सीएसआर) एवं अन्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल, अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहता है ताकि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने सीएसआर पहल के तहत ग्रामीण वॉलीबॉल टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



**सिंगरौली। समावेशी सामुदायिक विकास एवं खेलों के प्रोत्साहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए एनटीपीसी विंध्याचल ने 15 जनवरी 2026 को नवजीवन विहार स्थित मिनी स्टेडियम में ग्रामीण वॉलीबॉल टूर्नमिंट का शुभारंभ किया। 15 से 16 जनवरी तक आयोजित दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की 24 टीमों ने भाग लिया, जिससे युवा प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा, आपसी जुड़ाव और खेल के माध्यम से विकास का सशक्त मंच मिला।**

टूर्नामेंट का उद्घाटन श्री माहताब आलम, उप महाप्रबंधक (सीएसआर/ आर एंड आर) एवं श्री निखिल जायसवाल, कार्यपालक(सीएसआर), एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रानी अग्रवाल, महापौर (सिंगरौली नगर निगम) एवं स्थानीय वार्ड पार्षद भी उपस्थित रहे। इस पहल के माध्यम से एनटीपीसी विंध्याचल का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना, शारीरिक फिटनेस को प्रोत्साहित करना तथा क्षेत्र में खेल संस्कृति को सशक्त बनाना है। यह आयोजन इस विश्वास को भी रेखांकित करता है कि राष्ट्र निर्माण केवल विद्युत उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर समुदायों को सशक्त करने से भी जुड़ा है।

### डिजिटाइजेशन की दिशा में ऐतिहासिक पहल

## एनटीपीसी विंध्याचल ने 'स्वीकृति' प्रणाली का पायलट शुभारंभ किया



सिंगरौली। डिजिटाइजेशन में अपनी अग्रणी भूमिका को सुदृढ़ करते हुए एनटीपीसी विंध्याचल ने इन-हाउस विकसित ऑनलाइन प्रोटेक्शन/ परमिसिव बायपास मैनेजमेंट सिस्टम (PBMS) 'स्वीकृति' का पायलट आधार पर शुभारंभ किया।इस प्रणाली का औपचारिक शुभारंभ श्री पार्थ नाग, मुख्य महाप्रबंधक (ओ एस) द्वारा श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), श्री एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), श्री नीरज चतुर्वेदी, अपर महाप्रबंधक (आईटी) सहित विंध्याचल, सीसी-ओएस एवं ओएस डिजिटल इनिशिएटिव्स ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए श्री पार्थ नाग, मुख्य महाप्रबंधक (ओ एस) ने इस पहल की सराहना की तथा विद्युत संयंत्र संचालन में डिजिटल एवं सुरक्षा-केंद्रित नवाचारों के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने इसे एक महत्वपूर्ण परिचालन आवश्यकता एवं नवोन्मेषी पहल बताया, जबकि श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ने डेटा एनालिटिक्स एवं डिजिटल प्रणालियों को सूचित एवं डेटा-आधारित प्रबंधन निर्णयों का प्रमुख आधार बताया।ऑनलाइन प्रोटेक्शन/परमिसिव बायपास मैनेजमेंट सिस्टम (PBMS) एक समग्र डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो संयंत्र में प्रोटेक्शन एवं परमिसिव बायपास की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, नियंत्रित एवं स्वचालित करता है। यह कॉर्पोरेट दिशानिर्देशों (LMIs) के अनुरूप है तथा पारदर्शिता, ट्रेसबिलिटी एवं परिचालन सुरक्षा को बढ़ाने के साथ-साथ स्वचालित अलर्ट एवं बेहतर पर्यवेक्षण नियंत्रण सुनिश्चित करता है।पायलट चरण के दौरान 'स्वीकृति' का विस्तृत परीक्षण एवं सत्यापन किया जाएगा, जिसके पश्चात इसे एनटीपीसी के अन्य स्टेशनों में लागू किए जाने की परिकल्पना है। इसके साथ ही एनटीपीसी विंध्याचल एंड-टू-एंड प्रोटेक्शन एवं परमिसिव बायपास प्रक्रिया को पूर्णतः डिजिटल करने वाला पहला स्टेशन बन गया है। 'स्वीकृति' का विकास एक सामूहिक इन-हाउस प्रयास का परिणाम है, जिसका नेतृत्व श्री सुमन कुमार सिंह, अपर महाप्रबंधक (प्रचालन) ने किया। इसमें श्री सौरभ बनौधा, उप महाप्रबंधक (आईटी), श्री अनिल कुमार तिवारी, उप महाप्रबंधक (प्रचालन), श्री बलजीत यादव, उप महाप्रबंधक (प्रचालन) तथा श्री बी. जनार्दन, सहायक अभियंता (प्रचालन) का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### नप गया मऊगंज में एक और बड़ा घूंसखोर

**रीवा कमिश्नर के आश्वासन पर जिला प्रशासन का बड़ा कदम,मुंद्रिका प्रसाद विश्वमित्र की मांग पर कलेक्टर ने हटाया घुंसखोर मऊगंज बीआरसी**

रीवा । मध्यप्रदेश के मऊगंज जिला भ्रष्टाचार और अत्याचार के मामले में प्रदेश के बड़े से बड़े जिलों को पछाड़ दिया है, जहां पर सरकार की नाक कटवाने में उतारू अफसर जो कि खुद के दायित्व एवं कर्तव्यों को भूल हर गम्भीर मामले में कार्यवाही करने से इस तरह से बचते है जैसे वे खुद भ्रष्टाचार में संलिप्त हों ऐसे में पीड़ित शोषित लोगो को आवाज उठाने का काम अगस्त क्रांति मंच कर रहा है लेकिन अब उसके साथ मऊगंज जिले के अन्ना हजारे मुंद्रिका प्रसाद विश्वमित्र ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान में जिले के अफसरों को न्याय पक्ष में कदम उठाने के लिए तैयार कर दिया है,जहां पर मऊगंज बीआरसी शिवकुमार रजक की रिष्वतखोरी मामले में कार्यवाही करते हुए हटाने की मांग की गई थी। दरअसल श्री विश्वमित्र ने मऊगंज कलेक्टर और फिर रीवा कमिश्नर से बीआरसी के खिलाफ कार्यवाही की मांग पूरी नही होने पर मऊगंज जनपद स्थित शहीद स्मारक के समक्ष 26 जनवरी 26 से अनिश्चितकालीन अनशन प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी यहां पर सबसे बड़ी बात यह रही कि बीआरसी श्री रजक की रिष्वतखोरी के मामले में तत्कालीन कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने भ्रष्टाचार को बढ़ाने का काम किया जिन्होंने बीआरसी के इस घूंस लेने के मामले का वीडियो वायरल होने पर जांच को दबा दिया था जिसके बाद देश बचाओ पुनर्जागरण अभियान ने इस मामले में कड़ी कार्यवाही की मांग की जिसके बाद रीवा कमिश्नर के निर्देश पर कलेक्टर ने रिषवतखोर बीआरसी पर चाबुक चला है।

### अण्डा ठेला लगाने वाले व्यापारी से मारपीट, बैकुंठपुर थाना क्षेत्र की घटना

रीवा। बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बरौ मोड़ के समीप अंडे का ठेला लगाने वाले युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पैसा मांगने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की इसके बाद ठेला के अण्डा सड़क पर फेक दिए। पीड़ित द्वारा घटना की शिकायत बैकुंठपुर थाने में दर्ज कराई गई है। घटना के संबंध में ठेला संचालक साहिल खान ने बताया कि वह रोजाना की तरह बैकुंठपुर कस्बा स्थित बरौ मोड़ पर अंडे का ठेला संचालित कर रहा था। देर रात्रि नेबुहा गांव निवासी युवक आए जिनसे उसने मुर्गे का पैसा मांगा तो आरोपी उससे विवाद करने लगे। इसी बात को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई जिसके बाद आरोपियों ने तकरीबन डेढ़ सौ से ज्यादा ट्रे में रखे हुए अंडों को सड़क पर फेंक दिया। फिलहाल शिकायत के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### केज और बायो फ्लाक में सफलतापूर्वक हो रहा मछली पालन

रीवा । मछलीपालक किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। बड़े जलाशयों में केज लगाकर सीमित क्षेत्र में बड़ी मात्रा में मछलियों का उत्पादन किया जा रहा है। इसी तरह बड़े जलाशयों में से पानी को पृथक करके बायोफ्लाक बनाकर भी कई किसान मछली का उत्पादन कर रहे हैं। इस संबंध में उप संचालक मछलीपालन डा. अजंना सिंह ने बताया कि सीधी जिले के आदिवासी बहुल कुसमी विकासखण्ड के ग्राम देवरी में सिंचाई के लिए देवरी जलाशय बनाया गया है। इसमें मछलीपालक किसान 66 केज कल्चर और बायोफ्लाक बनाकर आधुनिक तरीके से मछलीपालन कर रहे हैं। गत दिवस सीधी जिले के भ्रमण के दौरान इसका निरीक्षण किया गया। किसानों को केज कल्चर और बायोफ्लाक के विस्तार तथा कम अवधि में अच्छा उत्पादन देने वाली मछली की किस्मों की जानकारी दी गई। उप संचालक ने बताया कि बड़े जलाशयों में निश्चित आकार के केज यानी पिंजरे लगाकर उनमें मछलियाँ पाली जाती हैं। सीमित क्षेत्र होने के कारण मछलियों का पोषण और देखरेख करने में सुविधा रहती है। केज में मछली पकड़ना भी बहुत आसान होता है।

## बरदहा घाटी में आवागमन होगा सुगम - तीन मोड़ में पार होगी घाटी, शीघ्र शुरू होगा सिरमौर-डभौरा रोड निर्माण का कार्य

रीवा ।

**रीवा से डभौरा तक सड़क निर्माण में सिरमौर से डभौरा सेक्शन के चौड़ीकरण तथा पुनर्निर्माण के लिए 311 करोड़ 62 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। सड़क निर्माण की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इससे संबंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि सिरमौर से डभौरा बहुत महत्वपूर्ण सड़क है।**



जन आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इसका निर्माण शीघ्र शुरू कराएं। बरदहा घाटी में सुधार आवश्यक है। साथ ही अतरैला और पटेहरा में सड़क के साथ पर्याप्त चौड़ी नालियाँ बनाकर पानी की निकासी की भी व्यवस्था कराएं। पानी की निकासी सही तरीके से नहीं हुई तो सड़क को भी हानि हो सकती है। सभी स्थानों पर सड़क की चौड़ाई 18 मीटर रखना सुनिश्चित करें। घाट के नीचे के लोगों के लिए यह सड़क बहुत बड़ी सौगात साबित होगी। बैठक में विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह ने कहा कि सड़क को चौड़ा किया जाना आवश्यक है। पटेहरा, अतरैला, लटियार तथा पनवार में सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में घर और दुकानें स्थित हैं। सड़क को हरहाल में 18 मीटर चौड़ाई में बनाएं। इसके साथ-साथ इसके किनारे के निवासियों के हितों का भी ध्यान रखें। तकनीकी मापदण्डों के साथ-साथ व्यावहारिक पहलू को ध्यान में रखते हुए सड़क का निर्माण करें। इसके टेण्डर की कार्यवाही शीघ्र पूरी कराएं। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि डभौरा-सिरमौर रोड निर्माण में 27 गांव प्रभावित हो रहे हैं। इनमें से तीन गावों में भू-अर्जन की आवश्यकता नहीं है। शेष 24 गावों में भू-अर्जन के प्रस्ताव तैयार कर लिए गए हैं। सड़क निर्माण के लिए शासकीय जमीन का उपयोग किया जाएगा। अति आवश्यक होने पर ही भू-अर्जन किया जा रहा है। बरदहा घाटी में 10 से अधिक मोड़ हैं। प्रस्तावित सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद केवल तीन मोड़ से ही वाहन इस घाटी से पार हो जाएंगे। कई स्थानों पर खतरनाक मोड़ों को सीधा किया गया है।बैठक में कार्यपालन यंत्री एनएचआई तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि सड़क निर्माण की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। प्रभावित वनभूमि में निर्माण कार्य की अनुमति प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इसी माह अनुमति मिल जाने की उम्मीद है। सड़क के साथ नाली निर्माण तथा सभी कस्बों में बिजली की भी व्यवस्था की जाएगी। अतरैला और पटेहरा में जल निकासी के समुचित प्रबंध किए जाएंगे। सड़क के वर्तमान एलाइनमेंट में कई स्थानों पर सुधार किया गया है। सिरमौर से डभौरा सड़क की चौड़ाई 18 से 36 मीटर तक है। इसके नए एलाइनमेंट में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि निजी भूमि और परिसम्पत्तियाँ कम से कम प्रभावित हों। बैठक में एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, तहसीलदार जितेन्द्र तिवारी, नायब तहसीलदार अनुपम पाण्डेय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## झांकियों के जरिए प्रदर्शित होंगी नगर निगम की उपलब्धियां, गणतंत्र दिवस की तैयारियों से लेकर स्वच्छता तक, निगम आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

रीवा।

नगर निगम प्रभारी निगम आयुक्त मेहताब सिंह गुर्जर ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारियों, शहर की जल प्रदाय व्यवस्था, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, स्वच्छता कार्यों तथा मध्यप्रदेश शासन की संकल्प से समाधान अभियान के क्रियान्वयन को लेकर नगर निगम सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस एक राष्ट्रीय पर्व है, जिसे पूरी गरिमा, अनुशासन एवं भव्यता के साथ मनाया जाना है। इसकी तैयारियों के लिए सभी संबंधित अधिकारी अभी से जुट जाएं। प्रभारी निगम आयुक्त ने एसएएफ ग्राउंड में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में नगर निगम रीवा द्वारा शहर में कराए जा रहे विकास कार्यों पर आधारित आकर्षक झांकियां लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झांकियों के माध्यम से नगर निगम की उपलब्धियों और योजनाओं को आमजन के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सकेगा। विशेष रूप से स्वच्छता पर आधारित झांकी तथा अमृत योजना अंतर्गत शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था को दर्शाने वाली झांकी तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जो-जो दायित्व सौंपे गए हैं, वे सभी पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जल प्रदाय व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभारी निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि शहर के किसी भी वार्ड से दूषित पानी की आपूर्ति या पाइपलाइन लीकेज की शिकायत प्राप्त होने पर उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक मंगलवार को जल सुनवाई के लिए विशेष कैंप आयोजित करने तथा इन कैंपों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित और संतोषजनक समाधान करने के निर्देश दिए।सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों पर विशेष ध्यान दें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विभाग में शिकायतों की अधिक पेंडेंसी पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शहर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभारी निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी कचरा संग्रहण वाहनों के साथ तैनात सफाई कर्मचारी डोर-टू-डोर जाकर नागरिकों के घरों पर घंटी बजाकर कचरा संग्रहण करें, जिससे नगर निगम और शहरवासियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। इसके साथ ही शहर की सड़कों पर पड़ी सीएनडी (निर्माण एवं विध्वंस) सामग्री को शीघ्र हटाने तथा लंबे समय से खड़े कंडम वाहनों के संबंध में निर्देश दिए कि पहले वाहन मालिकों को चेतावनी दी जाए और चेतावनी के बाद भी वाहन नहीं हटाए जाने की स्थिति में उन्हें उठाने की कार्रवाई की जाए। बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक यंत्री अभिनव चतुर्वेदी, सहायक राजस्व अधिकारी रावेंद्र सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, दीपक सिंह, सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यु सिंह सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूल जा रहे मासूम छात्र को ट्रक ने कुचला, मौके पर गई जान, समान थाना क्षेत्र के जिउला मोड़ के पास हुई घटना




रीवा। घर से बहन के साथ स्कूल के लिए सुबह तैयार होकर निकले मासूम को क्या पता था कि आज उसकी जिंदगी का आखरी दिन है। गुरुवार की सुबह 10 साल के मासूम छात्र को बेलगाम ट्रक ने कुचल दिया। घटना समान थाना क्षेत्र के जिउला मोड़ के पास सुबह करीब 9.30 बजे की है। हादसे के बाद अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराते हुए ट्रांसफार्मर में जा घुसा। अचानक हुए घटनाक्रम को देख आसापास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और आनन फानन में सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मासूम के शव को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया है। अपने लाल की अकाल मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को बाहर निकलवाते हुए जब्त कर लिया है। मर्ग कायम कर पुलिस कार्रवाई में लगी हुई है। घटना के संबंध में समान थाना पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक कक्षा चौथी का छात्र रुद्र त्रिपाठी 10 वर्ष अपनी बहन के साथ स्कूल जा रहा था, इसी बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। अचानक हुए इस हादसे के दौरान ट्रक की चपेट में आए बच्चे मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया रुद्र के साथ उसकी बड़ी बहन भी स्कूल जा रही थी लेकिन वह ट्रक की चपेट में आने से बाल बाल बच गई है।सड़क पार करते समय काल बनकर आया ट्रकघटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शहर के रतहरा में ही रहने वाले त्रिपाठी परिवार का 10 वर्षीय पुत्र रूद्र त्रिपाठी जो कक्षा चौथी का छात्र था रोजाना की तरह अपनी बड़ी बहन के साथ घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। बताया गया की घर से स्कूल पैदल जाते वक्त जब भाई और बहन सड़क पार कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक काल बनकर आया और रूद्र को बच्चों को कुचलते हुए बिजली के ट्रासफार्मर में घुस गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लिया अचानक हुए हादसे के बाद परिवार सदमे में है और आसपास मातम छाया हुआ है।

## स्वतंत्रता संग्राम के अमर योद्धा ओंकार नाथ खरे जन्म शताब्दी वर्ष बैनर तले विवेकानंद जयंती सम्पन्न



रीवा । ताम्रपत्रधारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे जन्म शताब्दी वर्ष बैनर तले सोमवार 12 जनवरी को दोपहर 12 बजे से स्थानीय स्वयंवर बारातघर में विवेकानंद जयंती के अवसर पर समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, विंध्यांचल जन आंदोलन, समाजवादी कार्यकर्ता समूह, कौमी एकता कमेटी और गरीब बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में नारी चेतना मंच की नेत्री गीता महंत की अध्यक्षता में सद्भाव संगोष्ठी रखी गई है। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रद्धा सिंह ने किया। विषय प्रवेश साहित्यकार मनसंतोष (छिबौरा, सतना) ने कराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सन 1893 में अमेरिका के शिकागो में संपन्न हुए विश्व धर्म सम्मेलन में धर्म की गहन व्याख्या करके दुनिया की नजरों में गुलाम भारत को उन्मुक्त विशिष्ट पहचान दी। उन्होंने अपने व्याख्यान से विभिन्न धर्मो के लोगों का दिल जीता वहीं वेदांत और भारतीय संस्कृति का दुनिया भर में असर छोड़ा। यह भारी विडंबना है कि विवेकानंद के देश में आज देश का भाईचारा तोड़ने की घृणित कोशिश हो रही है। देश की एकता और अखंडता के लिए यह बात बहुत घातक है। विविधता में एकता वाले देश में सद्भाव हमारी सबसे बड़ी ताकत है। भारत के लोगों ने करो और मरो के अंदाज में आपसी सद्भाव रखते हुए लंबे संघर्ष और शहादत के बाद ब्रिटिश हुकूमत से मुक्ति पाई है। आज जो लोग धर्म और जाति के आधार पर घृणा फैला रहे हैं , उनसे सावधान रहने की जरूरत है। द्वि राष्ट्रवाद सिद्धांत के चलते देश का अप्रिय बटवारा हुआ था। धर्म और जाति के आधार पर राष्ट्र की अवधारणा बेबुनियाद है। यह देश के टुकड़े-टुकड़े करने वाली घातक बात है।संगोष्ठी को प्रमुख रूप से संबोधित करते हुए समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि विवेकानंद का जन्म सन 12 जनवरी 1863 में कलकत्ता (बंगाल) में ऐसे समय हुआ जब 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की असफलता के बाद भारत ब्रिटिश सत्ता की गुलामी में बुरी तरह जकड़ लिया गया था। ऐसे संक्रमण काल में विवेकानंद ने धार्मिक और सामाजिक मूल्यों को नए सिरे से स्थापित करने की अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विश्व को अध्यात्मिक दर्शन देने के साथ-साथ महिलाओं, दलित, शोषित पीड़ित लोगों को जागने का काम किया। वे हिंदू मुस्लिम एकता के प्रबल पक्षधर थे। विवेकानंद का निधन मात्र 39 वर्ष की आयु में 4 जुलाई सन 1902 में बेलूर मठ बंगाल में हुआ। उनके विचारों का असर आजादी के आंदोलन के दौर में सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर देखने को मिला। स्वामी विवेकानंद ने गुलाम भारत की अंतर्चेतना को झकझोर कर राष्ट्रीय पुनर्जागरण को गतिमान बनाया। क्रांतिकारियों के हाथ में विवेकानंद का साहित्य मिलने से ब्रिटिश हुकूमत परेशान रहती थी। वर्तमान दौर में भी सामाजिक क्रांति के लिए विवेकानंद का साहित्य जन जागरण के लिए काफी अहमियत रखता है।कार्यक्रम में राष्ट्र सेवा दल के नेता लोकतंत्र सेनानी बृहस्पति सिंह, समाजसेवी श्रवण प्रसाद नामदेव, रामेश्वर गुप्ता, यज्ञ सेन पटेल, शेषमणि शुक्ला, बी पी नामदेव, सतीश कुशवाहा एडवोकेट, इंजीनियर परिवर्तन पटेल, नारी चेतना मंच नेत्री इतवरिया चंदेल, साक्षी महंत, दुर्गा साकेत, रामकली साकेत, राजकुमार कुशवाहा, सौरभ शर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के अंत में गांधी लोहिया जयप्रकाश विचार परंपरा से जुड़े समाजवादी चिंतक सच्चिदानंद सिन्हा मुजफ्फरपुर , लोकतंत्र सेनानी पन्नालाल सुराणा, समाजसेवी बाबा आढव (महाराष्ट्र), लोकतंत्र सेनानी विनय कुमार सिन्हा (प्रयागराज) के कुछ समय पहले हुए निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया।





## मऊगंज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**न्यायिक, पुलिस व कारागार अधिकारियों ने विद्यार्थियों को किया जागरूक**

मऊगंज। मॉडल स्कूल मे विद्यार्थियों में कानून के प्रति जागरूकता, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक, पुलिस एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को कानून, अधिकार, कर्तव्य तथा सुरक्षित भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा के सचिव समीर मिश्रा ने अपने उद्बोधन में पॉक्सो अधिनियम, मोटर व्हीकल अधिनियम 1988, शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) एवं बाल अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कानून का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा, समानता और न्याय स्थापित करना है। विद्यार्थियों को उन्होंने अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित पुलिस एसडीओपी मऊगंज सचि पाठक ने विद्यार्थियों को अनुशासन, कानून के पालन एवं सड़क सुरक्षा के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने यातायात नियमों का पालन न करने से होने वाली दुर्घटनाओं के उदाहरण देते हुए छात्रों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें। साथ ही उन्होंने सुरक्षित भविष्य के लिए सही कैरियर चयन, लक्ष्य निर्धारण एवं निरंतर परिश्रम की आवश्यकता पर बल दिया।इस अवसर पर उपजेल के जेल अधीक्षक एन.के. मिहोरिया भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जीवन में सही निर्णय, अनुशासन और सकारात्मक सोच व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाती है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि गलत संगति और गलत निर्णय किस प्रकार व्यक्ति के भविष्य को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए युवाओं को प्रारंभ से ही सही मार्ग चुनना चाहिए।जिला विधिक अधिकारी रीवा अभय मिश्रा ने विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति विधिक सहायता प्राप्त कर न्याय तक पहुँच सकता है। कार्यक्रम का संचालन अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी जिला मऊगंज समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने किया। वहीं आशीष शुक्ला ने बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों पर गंभीर चर्चा की। उन्होंने बाल विवाह के सामाजिक, मानसिक एवं कानूनी दुष्परिणामों से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए इसे समाप्त करने के लिए जागरूकता को आवश्यक बताया।कार्यक्रम में मॉडल स्कूल के प्राचार्य राजेश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ही नहीं बल्कि नैतिक और सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर व्याख्याता संतोष दुबे, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, रवि प्रकाश दुबे, शीतला प्रसाद गुप्ता सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जागरूकता और कानून के पालन का संकल्प लेकर किया गया।

### अभियान के लिए नोडल अधिकारी तैनात

रीवा । रीवा संभाग के सभी जिलों में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर आमजनता से पात्र योजनाओं के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। कमिश्नर बीएस जामोद ने अभियान की मानीटरिंग के लिए नोडल अधिकारी तैनात किए हैं। रीवा तथा मऊगंज जिलों के लिए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण एवं मैहर तथा सतना जिलों के लिए संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सीधी जिले के लिए क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं सिंगरौली के लिए अधीक्षण यंत्री पीएचई को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कमिश्नर ने कहा है कि सभी नोडल अधिकारी प्रभार के जिलों में संकल्प से समाधान अभियान की निगरानी करें तथा प्रत्येक सोमवार को शाम 4 बजे अभियान के तहत लगाए जा रहे शिविरों की जानकारी प्रस्तुत करें। नोडल अधिकारी संबंधित जिलों का भ्रमण करके भी अभियान की मॉनीटरिंग करें।

### अनुविभागीय अधिकारी देवास आनंद मालवीय का निलंबन निरस्त करने मऊगंज कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

रीवा । इंदौर के दूषित पानी हत्याकांड के परिप्रेक्ष्य में संवैधानिक मर्यादाओं के उल्लंघनकर्ता कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को बर्खास्त एवं संवैधानिक मर्यादाओं के रक्षक अनुविभागीय अधिकारी देवास आनंद मालवीय का निलंबन निरस्त करने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान के राष्ट्रीय प्रचारक मुद्रिका प्रसाद त्रिपाठी 'विश्वमित्र', वरिष्ठ सहयोगी वेदांती शुक्ला, सहयोगी राजनारायण सिंह तिवारी, भगवानदीन शुक्ला, युवा सहयोगी कवि विवेक नामदेव ने सामूहिक रूप से मऊगंज कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री द्वारा उपरोक्त मांगों को अनदेखा करने की स्थिति में आगामी 26 जनवरी 2026 को विकासखंड कार्यालय मऊगंज स्थित शहीद स्मारक शिलालेख के सामने प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक धरना देकर असंवैधानिक कृत्यों का खुला विरोध करने का एलान किया गया है.

## रीवा में बनेगा वल्चर सेफ ज़ोन, गिद्ध संरक्षण को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

रीवा । जिले में गिद्ध संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गुरुवार को पूर्वा जल प्रपात स्थित वन विभाग के गेस्ट हाउस में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन वन विभाग रीवा एवं समग्र जन चेतना विकास परिषद द्वारा, वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में सेमरिया, सिरमौर, चाकघाट, अतरैला एवं डाभौरा रेंज के रेंजर, वन रक्षक तथा वेटनरी डॉक्टरों ने सहभागिता की।कार्यशाला के मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक (CCF) रीवा राजेश कुमार राय तथा अध्यक्षता डीएफओ लोकश नीरापुरे ने की। इस अवसर पर रेंजर संजय सिंह, अभिवादन चौबे एवं अरुण शुक्ला भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में गिद्धों के संरक्षण की आवश्यकता, उनकी पारिस्थितिक भूमिका, घटती संख्या के कारण एवं समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यशाला में सुमित सिंह द्वारा गिद्ध संरक्षण विषय पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि रीवा जिले में प्रशासन एवं समुदाय के साथ मिलकर वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के रैपिड एक्शन प्रोजेक्ट के अंतर्गत वल्चर कंजर्वेशन पर निरंतर कार्य किया जा रहा है।मुख्य अतिथि सीसीएफ राजेश कुमार राय ने कहा कि गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन पशुओं में उपयोग की जाने वाली प्रतिबंधित दवाओं के कारण उनकी संख्या में भारी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि डेयरी फार्म, मेडिकल स्टोर एवं गौशालाओं में प्रतिबंधित दवाओं के उपयोग पर सख्ती से रोक लगाई जाए और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने रीवा में वल्चर सेफ ज़ोन विकसित करने, गिद्धों के नए आवास स्थलों की पहचान एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।डीएफओ लोकश नीरापुरे ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए वन विभाग, वेटनरी विभाग एवं समुदाय के बीच बेहतर समन्वय से गिद्ध संरक्षण को मजबूत करने की बात कही। वहीं सिमरिया रेंज के रेंजर संजय सिंह ने बताया कि प्रतिबंधित दवाओं को रोकने के लिए मेडिकल स्टोर एवं गौशालाओं में लगातार संवाद एवं निगरानी की जा रही है।कार्यशाला से यह संदेश गया कि गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में रीवा एक मॉडल जिला बनकर प्रदेश एवं देश को दिशा दिखा सकता है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत अंतरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया



रीवा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में महिला सशक्तिकरण अंतर्गत मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को माह जनवरी 2026 की मासिक आर्थिक सहायता राशि के अंतरण हेतु राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेशभर में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।
रीवा जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कन्या महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 400 लाड़ली बहनों की सहभागिता रही। जिले की 399311 लाड़ली बहनों के खातों में 59 करोड़ 20 लाख 89 हजार 900 रूपये की राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर गर्भवती माताओं को अतिथियों द्वारा पोषण तत्वों से युक्त पोषण किट का वितरण किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताते हुए इसके सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संगीता राजेश यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत एवं सुनीता बृजेंद्र द्विवेदी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।शशि श्याम उइके संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास, श्रीमती उषा अवधिया संयुक्त संचालक स्वास्थ्य विभाग,विभा श्रीवास्तव प्राचार्य कन्या महाविद्यालय एवं नयन सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ में संगीत एवं लोकगीतों की प्रस्तुति हुई।

## लावारिस नवजात के लिए देवदूत बनी पुलिस, देर रात रोते मिले बच्चे को अस्पताल में कराया भर्ती



रीवा। मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए रीवा पुलिस ने एक लावारिस नवजात शिशु की जान बचाई। देर रात अमहिया थाना क्षेत्र में रोते हुए मिले नवजात बच्चे के लिए पुलिस देवदूत बनकर सामने आई और तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाकर इलाज व देखभाल की समुचित व्यवस्था कराई। जानकारी के अनुसार 14 जनवरी की रात करीब 11:30 बजे एक राहगीर अमहिया थाने के पास मानस भवन के पीछे से गुजर रहा था। इसी दौरान उसे किसी बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। जब वह आवाज की दिशा में गया तो देखा कि एक नवजात शिशु कंबल में लिपटा हुआ वहां पड़ा है। इस पर राहगीर ने तत्काल अमहिया थाने को सूचना दी। सूचना मिलते ही अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डायल 112 में तैनात आरक्षक श्याम पाण्डेय को तुरंत मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर नवजात शिशु को सुरक्षित अपने कब्जे में लिया और प्राथमिक सुरक्षा व्यवस्था करते हुए उसे रीवा के गांधी मेमोरियल अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में नवजात का इलाज और देखभाल जारी है। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे की स्थिति फिलहाल स्थिर है और वह सुरक्षित है।पुलिस का मानना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सामाजिक भय या किसी अन्य कारण से अपने पाप को छुपाने के उद्देश्य से बच्चे को लावारिस हालत में छोड़ा गया है। हालांकि यह भी सामने आया है कि नवजात को कंबल में लपेटकर एक सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया था, जिससे स्पष्ट होता है कि उसे इस आशा के साथ रखा गया कि कोई उसे देखकर बचा ले और आगे उसकी परवरिश हो सके। फिलहाल पुलिस नवजात को छोड़ने वाले व्यक्ति और उसके परिजनों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।